संचिका सं०- प्र०-08/रा० ध्व०-12-01/2021..815

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

निशीथ वर्मा, भा०प्र०से०
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।

पटना-15, दिनांक-..13....अगस्त, 2025

विषय :- स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2025 के अवसर पर झण्डोत्तोलन के सम्बंध में।

महाशया/महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बंध में कहना है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2025 के अवसर पर पटना के गाँधी मैदान एवं राज्य के सभी जिलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के लिए निम्नांकित निदेश ग्रहण किए जाय :-

1. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना जिला को छोड़कर सभी प्रमंडलीय एवं जिला मुख्यालयों में झण्डोत्तोलन का कार्यक्रम विभागीय पत्रांक-614 दिनांक-12.08.2011 (छायाप्रति संलग्न) में अंकित निर्देशों के आलोक में अनुपालनीय है।

2. गाँधी मैदान, पटना स्थित मुख्य समारोह स्थल पर झण्डोत्तोलन के पूर्व कारगिल स्मृति स्थल पर माल्यार्पण कार्यक्रम के लिए विभागीय पत्रांक-21(I) दिनांक 07.01.2021 के द्वारा आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना प्राधिकृत हैं।

3. गाँधी मैदान, पटना स्थित मुख्य समारोह के अतिरिक्त महादलित कस्बे में स्थानीय पदाधिकारी भाग ले सकेगें तथा बुजुर्ग महादलित सदस्या/सदस्य के द्वारा ही झण्डोत्तोलन किया जायेगा।

कृपया उपरोक्त निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :- यथोक्त।

विश्वासभाजन,

13/08/25

( निशीथ वर्मा )
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक-प्र०-08/रा० ध्व०-12-01/2021..815....पटना दिनांक-13..अगस्त, 2025

प्रतिलिपि:- सभी माननीय मंत्रीगण के आप्त सचिव को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित

13/08/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–प्र०–08/रा० ध्व०–12–01/2021. 815 पटना दिनांक–13 अगस्त, 2025

प्रतिलिपि:– विकास आयुक्त, बिहार, पटना/पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ पुलिस महानिरीक्षक, पटना क्षेत्र, पटना/वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/08/25

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–प्र०–08/रा० ध्व०–12–01/2021. 815 पटना दिनांक–13 अगस्त, 2025

प्रतिलिपि :– मुख्यमंत्री के आप्त सचिव/मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/08/25

सरकार के अपर सचिव

पत्रांक-सी०/सम०-1-1002/2011 614

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

रविकान्त,
प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
महानिदेशक-सह-आरक्षी महानिरीक्षक, बिहार
सभी क्षेत्रीय आरक्षी महानिरीक्षक
सभी क्षेत्रीय आरक्षी उपमहानिरीक्षक,
सभी जिलाधिकारी,
सभी वरीय आरक्षी अधीक्षक/आरक्षी अधीक्षक,
सभी अनुमंडल पदाधिकारी

पटना-15, दिनांक 12 अगस्त, 2011

विषय:- स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन के संबंध में।

प्रसंग:- इस विभाग का परिपत्र संख्या-2195, दिनांक 02 अगस्त, 1951, 906, दिनांक-12 अगस्त 2000, 73, 18 जनवरी, 2011 एवं 68 दिनांक 21 जनवरी 2011।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक परिपत्रों के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार ने प्रमंडल एवं जिला मुख्यालयों में स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन के संबंध में निम्न निर्णय लिया है:-

(i) पटना छोड़कर सभी प्रमंडलीय तथा जिला मुख्यालयों में झंडोत्तोलन का कार्य अपनी इच्छानुसार उस जिला के प्रभारी मंत्री-सह-अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति करेंगे। जिन प्रभारी मंत्रियों के साथ एक जिला से अधिक जिले सम्बद्ध होंगे, वे अपनी इच्छानुसार एक जिले का चयन कर वहाँ झंडोत्तोलन करेंगे।

(ii) उपर्युक्त उप कंडिका (i) के संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा अपने जिले के प्रभारी मंत्री से सम्पर्क कर उनकी इच्छा जानकर तदनुरूप व्यवस्था की जायेगी।

(iii) अन्य प्रमंडल/जिला मुख्यालयों में उस प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त झंडोत्तोलन करेंगे।

(iv) अगर किसी प्रमंडल में एक से अधिक जिला बच जाते हैं तो इच्छानुसार ऐसे किसी एक जिले में प्रमंडलीय आयुक्त झंडोत्तोलन करेंगे तथा अन्य जिले में संबंधित जिला पदाधिकारी झंडोत्तोलन करेंगे।

2. उपर्युक्त हद तक पूर्व में निर्गत परिपत्र संशोधित समझे जाएँगे।

3. आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त निदेशों के आलोक में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

विश्वासभाजन,

(रविकान्त)
प्रधान सचिव

(Ok) आई०टी०मैनेजर

संचिका सं० – नया०/08/गण०दि०–08–1012/2020.21(गो)

बिहार सरकार
<u>मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग</u>

प्रेषक,

<u>उपेन्द्र नाथ पाण्डेय</u>
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

आयुक्त,
<u>पटना प्रमंडल, पटना।</u>

पटना–15, दिनांक–07 जनवरी, 2021

विषय :– कोविड–19 के मद्देनजर गणतंत्र दिवस समारोह–2021 के अवसर पर कारगिल स्मृति स्थल पर माल्यार्पण कार्यक्रम पर दिशा–निदेश के सम्बंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक–904/गो० दिनांक–24.12.2020.

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के प्रसंग में कहना है कि गणतंत्र दिवस–2021 के अवसर पर कारगिल स्मृति स्थल पर माल्यार्पण कार्यक्रम में सरकार का प्रतिनिधित्व करने हेतु आपको प्राधिकृत किया गया है। साथ ही यह भी संसूचनीय है कि ऐसे अवसरों पर इस कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष सरकार का प्रतिनिधित्व आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना द्वारा ही किया जायेगा।

विश्वासभाजन,

ह०/– 7.1.2021
(उपेन्द्र नाथ पाण्डेय)
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक:– नया०/08/गण०दि०–08–1012/2020.21(गो) पटना–15, दिनांक–07 जनवरी, 2021

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/– 7.1.2021
सरकार के विशेष सचिव।